गाली पागहें ॥ और श्रीमस्तकपर मोरचंद्रिकाहे ॥ और श्रीवालकृष्णजीको शृंगारहे ॥ सो रुपमुरारीदास ऊहदीन, ऊहमहिना, अपने कागदमें लोखीलीयो ॥ तब कछूकदीनमें व्रजमें आए ॥ सोआपके दर्शन कीए ॥ फेरि रामदासजी भीतरीया मिले ॥ तिनसों महिना, दीन पूछयो ॥ जो वादीना कहाशृंगाररहतो ॥ ओर कोंन वालकनें धरायो ॥ तब शृंगारकीपुस्तक मुखीयाजीनें काढी ॥ तामें जंगालीवस्त्र, श्रीवालकृष्णजीको शृंगार वाँच्यो ॥ सो सुनीकें वहूतही आनंद भयो ॥ ओर कही ॥ जो धन्यमाधवदासजी ॥ जिनपर श्रीगुसाँईजीकी एसीकृपा ॥ फेरि श्रीगुसाँईजीकें आगे काबुलके माधवदासजीको वार्ता भई सो तब विनती करी ॥ तब आपनें आज्ञाकरी जो भगवदीयनकों देशदोष कालदोष बाधा न करे॥ भीतर आशय भक्तिदृढ चहिए ॥ तब रुपमुरारीदासनें विनती

कहाविचारीहे ॥ तव आपनें आज्ञाकरी जो तुमारी निरुपाधि ईच्छा आपपूरनकरेंगें ॥ एसें आप वा समय करुणामृतसों दानकरिवेलागे ॥ तादीनसों मुरारिदा· सकों साक्षात् संवंधहोयवे लाग्यो ॥ सो कछुकदीन देशाधिपतिकी चाकरी करी ॥ फेरि ज्योंज्यों सुखसं· वंध आपको हृदयमें विराज्यो ॥ सो लौकिक क्रिया सव छुटिगईहे॥ व्यसनी अवस्थाहे गईहे॥ तव अक· वरसों सवननें कही जो ईनसों नोकरी नहीं होतीहे ॥ यह दीमाँना (गांडाजेसा) सा डोलताहे ॥ तव रुपमुरारीदासकों अकवरशाहनें वुलायो ॥ जो तुम कोंन जोगमें हो ॥ तव रुपमुरारीदासनें कही ॥ जो में श्री गोकुलके कन्हैयाके जोगमेंहों ॥ तव अकवरनें कही जो तुम जाओ गोकुलमें कन्हैयाजीकी मोजमें रहो ॥ जो तुमसों नोकरी नहींहोतीहे ॥ सो वाही समय ए विदाहोयकें श्रीगोकुलकों चलेआए ॥ ख· जानेमेंसों जो खरच चढयो सो लेआए॥ओर घोडा

वेचीडार्यों ॥ फेरि श्रीगोकुल आयकें आपकों साष्टां-
गदंडवत् करी ॥ जो द्रव्यपास हतो सो आपके चर-
णारविंदमें भेटकरिदीयो ॥ तव आपनें आज्ञाकरी जो
एसें क्यों करोहो ॥ तव विनती करी ॥ जो राजकी
ईच्छासों मायामें रह्यो जो अव मायासों छुडावो ॥
तव आपनें आज्ञा करी ॥ जो जाओ न्हाय आवो,
झूंठिनिको पातरि धरी हैं सो लेऊ ॥ सो रुपमुरारी-
दास आपको स्वरुप हृदयमें धरिकें रमणरेतीके वीचमें
घनामें निकसीगए ॥ सो एकएक व्रक्षलतासों मिले
ओर रुदनकरेहें ॥ तव एसें करत करत रात्रीह्वेगई ॥
तव रात्रके समय साक्षात्लीलाके दर्शनभए ॥ सो र-
मणरेतीनके टीलानपर प्रभु भक्तन सहित रमणकरे हैं
॥ सो रात्रभरि ईनकोंदर्शन भए ॥ सवारे प्रातःकाल
आपकी वीयोगाग्नि हृदयमें प्रगटी ॥ तव वा विर-
हमें साक्षात् तत्काल लीलामें प्राप्तिभए ॥ फेरि श्री-
गुसाँईजीनें राजभोग समय खवरिमँगाई ॥ सो कहूं

पायेनँसहि तव आप प्रभु जानिगए जो ए मनोरथ करी आएहते ॥ सो वाको मनोरथ सिद्धिभयोहे ॥ फेरि रात्रमें खवसिँगाई ॥ घाट तीरपेंसों कछू पायोनाँहि ॥ फेरि आपपोढे, सवारे आप जागे ॥ तव आपनें आज्ञाकरी जो महावन रमणरेतीमाँऊदेखो ॥ जो ऊहाँ पावेंगे ॥ तव दोयमनुष्य ढूंढिवेकों आए ॥ सो गोपकूआपें रमणरेतीके बीचमें सोयेपाए ॥ देखेतो देहमात्रहे ॥ जो प्राण नाँहिहे ॥ ओर देह एसोदेखो सो जामें कछू त्रास मृत्युको चिन्ह दीसेनाँहि ॥ जो नेत्र खुले रमणरेतीमाँऊ चाहिरहे ॥ सवननें यह जान्यो जो यह देखिरह्योहे ॥ तव बुलाए सो बोलेनाँहि ॥ तव जानी जो यह कहा कारनहें ॥ सो दोऊजनेनें ऊठायो सो प्राणको श्वासनाँहि ॥ ओर मुख एसोदीसे जो माँनो अवीबोलेगो ॥ सो एक मनुष्य पासरह्यो, एकने श्रीगुसाँइजीसो वीनतीकोनी ॥ जो राज मुरारीदासजीकोतो यहदोसाहे ॥ तव आज्ञा

करी जो मुरारीदासतो दसमी अवस्थाको पोहोंचि गए॥दोयचारि मनुष्यजायकें लौकिकसंस्कार करि देऊ ॥ एसें सवननें जायकें पांचलकरीसों संस्कारकीयो ॥ सो वाकीदेह अग्निसें एसीसमाई जो द्रोयघरिमें राखहेगई ॥ तव आयकें श्रीगुसाँईजीसों वीनती करी ॥ तव आपनें आज्ञाकरी ॥ जो वाकेभीतर पहेलेंसे एसीअग्नि उठी जो भीतर दाह हेगयो ॥ जो देखिवेमें देह हती ॥ एसी आपनें मुरारीदासकी बहूतसराहनाकरी ओर सववैष्णवननें धन्यधन्य कह्यो ॥ सो उनमुरारीदासकी एसी एसी कितनीक वार्ताहें॥ सो कहाँताँई लीखियें ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

अथ श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीकी निजवार्ता लीख्यते.

॥ सो एकसमय श्रीमहाप्रभुजी थानेश्वर, कुरुक्षेत्र, सीहनंद पधारे सो या स्थलको आपनें सनाथकीयो ॥ ओर रामानुज, जगतानंद आदिसवनको आपने शरण लीए ॥ फेरि आप रूहाँमो विजयकीन ॥ सो

ईच्छाविचारोके दोल्लोमें निगंवोधघाटपें न्हायकें आप-
तो व्रजको पधारेंसो वा समय आपके संगमें रामानुज
पंडित, जगतानंद पंडित, वासुदेवदासछकडा, पूरन-
मलक्षत्री, अंवालयके त्रिपुरदास, यादवेन्द्रदास, आदि
भगवदीयनको समाजलेकें दोल्लीकोंपधारे ॥ सोयह-
वात म्लेच्छनने सुनीकें हुमायुसों जायके अरज करी,
जो साहव पहेले जंत्र जो दोल्लीमें मथुरा दरवाजेपर
लगाएहते ॥ सो कितनेक हिन्दु होय गएहते ॥ सोई फ-
कीरसाहव पधारेहें ॥ सो न जाने कहाहोनहारहे ॥ एसो
दोल्लीमें भारीशोरभयो ओर अपनेदीनके गाममेंहते,
सो फकीरसाहवकों आए जानीकें सव भाजिगए ॥
कोई काजीरह्योनाँहि ॥ सो अव हजरत आप वचावोतो
वचेंगे ॥ नातर सव हिन्दु हो जाताहे ॥ दोहा ॥

नागे पॉयन पॉम पडि, कीने गुन्हा सव माप ॥
हेत हिमायु लिखि गयो, देख्यो अतूल प्रताप ॥१॥
श्री वल्लभ आचार्य गुरु, गोकुल गाम गुसाँई ॥
अकवर ईष्ट राखियो, तेरे सदा सहाई ॥ २ ॥

फेरि हुमायुने यह सब बातसुनी, तब दोयवजीर हिन्दु, सोनेकी सुखपाल, चमर, छत्र, लेकें आपको पधरायवेकों पठाए ॥ सो एकमजल सामने आए, सो ऊनवजीरननें आयकें हुमायुकी आडोकी विनतीकरी ओर कितनीक भेटकरीकें ॥ सुखपालमें आपकों पधराए ॥ ओर वीनती करी, जो आज्ञाहोय तहांताई आपके सामने हजरतसाहब लिवायवेकों आवें ॥ तब आपनें आज्ञाकरी, जो लिवायवेको कछूकामनांहि ॥ जो हम निगंबोधघाटपें न्हायवेकों पधारेंगे ॥ ऊहाँ आयकें दर्शन करे ॥ सो यह हलकारानें आयकें अरजकरी ॥ सो हुमायुनें ऊहाँताँई हलकारानकी डाक बाँधीदीनी, सो घरीघरीमें खबरी मंगावे ॥ ओर दीलीमें तो सुनीकें म्लेच्छ एसे भयभीतभए, सो तीन दीनताँई कोई घरसों बाहिरनीकस्योनाँहि ॥ सो वा समय लालकिल्लासोंलेकें निगंबोध घाटताँई हिन्दुही हिन्दु दिखिवेमें आवे ॥ सो मानों कोई पांडवनको

आपही विगरीजाओगे ॥ फेरि हुमायुसों कछू जुवाव आयोनाँहि ॥ ओर हमारी मथुरामें तुमारेकाजीनें ऊपद्रवकरिराख्योहें, सो देवकेमंदीरमें झालरि, घंटा. शंख, वजिवे नहीदेयहे ओर दीवा जोडन नहीदेयहें ॥ वाको तुम ऊहाँ हूकमपठावो ॥ तव हम यहाँसोकूच करेंगे ॥ नहीतो तुमारेऊहाँ मसीद कवर जेसें ऊननें कीया तेसें हमकरेंगे ॥ फेरि कहोगे तुम, के तुमने यहवात हमसों कहीनहीं ॥ फेर एसाहोगा के हमारा देव एसी करामात दिखावेगा, के तुम सवलोग यहाँ नहीं रहेंनपावोगे ॥ एसा कामकरो तो ॥ यह सुनीके हिमायू वहुत कंपायमानभए ॥ फेरि कछू जुवाव आयोनाँहि ॥ फेरि वाहीसमय हूकमदीयो के वा काजीकों सजाहोई ॥ ओर मथुरामें पहेलें जेसें झालरि घंटा सव वाजते, तेसेंहीवजे ॥ यहहूकम मथुराजीमें आठ प्रहरमेंपहोंच्यो ॥ तव मथुराजीमें वडोआनंद भयो ॥ सो सव मथुरीयाचोवे आपकी जे मनावत-

भए ॥ ओर श्रीमथुराजीको शोभा पहेलेही ॥ तासों अधिकी भई ॥ सो यह परमाँना मथुराजीसों हिमायुपासपोहोंच्यो ॥ सो परमाँना हिमायुने सूनायो ॥ तब आप ऊहाँसो विजय कीए॥ सो हिमायुको आडिसों पालखी छत्र भेट कर्यो, ओर विनतो करी ॥ जो फकोरसाहब जा जा देशमें पधारो तहाँतहाँ यामें बेठिकें पधारो ॥ तब आपनें आज्ञाकरी ॥ जो हम ब्रजके सिमाँनेताँई लेजायकें फेरि पठायदेंईगे ॥ फेरि आप निगंबोधस्नानकरिकें हिमायुकोभेटकोमोहोरहतो, सो ब्राह्मणनकों बाँटिदीनो ॥ ओर आप सुखपालमेंबिराजोकें लालकिल्लाके नीचेहोयकेंपधारे॥ सो हिमायुने दर्शन कीये ॥ ओर कोऊ म्लेच्छ भयकेमारे निकस्योनाँहि॥ फेरि अगारि ब्रजकों पधारे, सो ब्रजके सिमाँने पें सों पात्साहको सब लाजमाँ फेरि दीयो ॥ सो यह आज्ञाकीनी, जो जब हम मँगावे, तब लाईयो ॥

प्रसंग द्वितीय.

फेरि आप प्रथम श्रीमथुरांजीपधारे ॥ सो सब मथुरीयाब्राह्मण चोवे आपकों लिवायवेकोंआए, सामने ॥ जे जे वोलत पधरायलेगये ॥ सो वा समय एसीशोभा होतीभई जो मानों कंसकोमारि विश्रांतिपें पधारे ॥ सबमथुरामें महामंगलशब्द होतोभयो ॥ सबननेंवोनतीकरी जो मधुपुरीकों फेरि आपनेंसनाथ करी ॥ सो यह धर्म सब आपनेंराख्यो ॥ यह एसो अवतार आपको जुगजुगमें होऊ ॥ सो एसो सबचोवेननें आशिरवाददीयो ॥ फेरि आप तहाँते श्रीगोकुलपधारे ॥ फेरि कछूकदीनपाछें दील्लीपति हिमायुकीदेहछूटी, तापाछेंअकब्बर तखतपरवेठे ॥ पहेलें हिमायुके वखतके लिखे कितावके कायदा चलिवेलागे ॥ सो जा कितावमें श्रीमहाप्रभुजीको उत्कर्ष चरीत्रवांच्यो ॥ ओर हिमायुने जो दोहा लिख्यो सो वाँच्यो ॥ फेरि मनमें यह चटपटोलागो जो श्रीगोकुल

जायकें आपकेदर्शनकरुं तो मेरोराज कायम वरकरार रहे ॥ ताकेलीये राजाटोडरमल, वीरभाँन, सूरजशास्त्री, कानकुवज, कविराजभाट ईन चारोंनकों श्रीगोकुलपठाये ॥ ओर वीनतीकराई ॥जो राजके दर्शनको मेंऑऊ ॥ तव ईननें श्रीगोकुलआयकें आपसों वीनतीकीनी, तव आपने आज्ञाकीनी ॥जो जेसे हिमायु निगंवोध घाटपें आयो ॥ ता रीतिसों दर्शन करी जाय ॥ यह आज्ञा चारोंजनेननें जायकें अकवरसोकही ॥ तव अकवर वाहीरीतिसो आपकेदर्शनको श्रीगोकुल आयो ॥ कोई म्लेच्छ संग नॉहि लायो ॥ जो प्रातःकाल आप ठकुरानी घाट ऊपर विराजेहते ॥ सो पहेलेआपको खवरिकराई ॥ जो राजके दर्शनकों अकवरआवेहें ॥ तव आपनेंकही ठीकहें ॥ सो चारि वजराकीसाहवी संगलेकेंआयो ॥ ओर कछुनही लायो ॥ संगमें सवमनुष्य धर्मज्ञलायो ॥ सो आपकेसामनें साष्टांगदंडवत्करिकेंगियों ॥ मानों अक्रुरजीकी नॉई वं-

दनाकरतभयो ॥ अपनें जन्मकों ओर राजकों धन्य धन्य कहेतोभयो ॥ जो हिमायु तो हतोही परि अकवरकी भावभक्ति कछु कहीनजाय फेरि सहस्रावधिमोहोर आपकेअगारि भेटधरि वीनतीकरी ॥ जो मुजे एसी द्वा दो जो राजके कदमोंमें मनलगारहे ॥ तव आपने श्रीमुखसों आज्ञाकरी ॥ जो तथास्तु ॥ सो वा समय आपको एसो दर्शनभयो, के अक्रुरजीकों वृन्दावनसेंभयो ॥ ओर एक चीतेराकों हूकमकीयो जो आपकी तसवीर ऊतारीकें मेरे पास ले आईयो ॥ ओर अकवरकों यह निश्चैंभयो जो अव मोको गलीमकोडर नहीरह्यो ॥ एसें वहूत प्रणिपथ करिकें आगरेगए ॥ ओर अपनी कीतावमें सवकायदा लिखि ले गए ॥ फेरि वह चीतेरा श्रीगोकुलमेंरह्यो ॥ सो छे महीना रह्यो ॥ सो तोऊ कलमपेंचित्र लिख्यो नाँहिजाय ॥ जो अकवरकेयहाँसों वेरवेर खवरिआवे ॥ जो चित्र वेगीलावो ॥ सो चीतेरा घवरायो ॥ जो चित्र न ऊत-

रेगो तोया वातमें मेरो जीव जायगो ॥ सोतव चितेरानें आयकें साष्टांगदंडवत्करी ॥ ओर वीनतीकरी, जो राज मोकों आपकेचित्र ऊतारिवेकी अकबरकहिगयो हे ॥ सो छे महिनाभए चित्र कलमपर आवेनाँहि ॥ सो राज में जायकें कहा मोहोंडोदीखाऊं ॥ मेरी राजने कहा विचारीहैं॥सो आज्ञाकरें ॥ तब वाहीसमय करुणादृष्टिसों आप वाकेसामेंचितये ॥ तव आज्ञाकरी ॥ जो कपराऊतारि श्रीयमुनाजीमेंन्हायआऊ ॥ तब न्हायकें आपके सन्मुखवेठ्यो ॥ तव आपनें नामश्रवणकरायो ॥ जो आपनो स्वरुप वाकेहृदयमें स्थापन कीयो ॥ वाहीसमय आपनें आज्ञाकीनी ॥ जो अव तूं चित्रऊतारि ॥ सो स्वरुपतो आपने महान् अलौकिक रीतिसों दर्शनदीयो ॥ सो स्वरुप तो वानें हृदयमें पधरायो ॥ ओर जो स्वरुप जगत्प्रसिद्धि दर्शनदेयहें ॥ सो वा रीतिसों वानें चित्रऊतार्यो ॥ सो वा चित्रमें ईतनी विलक्षणता भारी होतीभई ॥ जो भावीकहते

तिनको भावात्मक दर्शनहोतो, चित्र आपको ऊतारि कें रोंमरोममें आपकोस्वरुप वाकें भरिगयो ॥फेरि एसी प्रतिज्ञाकरी ॥ जो आजपीछें कोई जीव मात्रको चित्र ऊतारनोंनाँहि ॥ फेरि आपकों दंडवत्करि विदा-होयकें अकवर पास आयो ॥ तव अकवरनेपूछी ॥जो ईतनेरोज तुमनें क्यों लगाए ॥ फेरि चितेरेनें दसवीस चित्र कलमसोंऊतारे हते सो दीखाये ॥ ओर कही॥ जो मेनें अपनीवुद्धिकाजोर वहूतकीया ॥ मोसों चित्र ऊतर्यानहीं ॥ जो कोई मनुष्यहोई, ताको चित्र ऊ-तारुं ॥ ए तो साक्षात् गोकुलकेकन्हैयाहें ॥ ए कृपा-करे ॥ तव ईनकी तसवीरऊतारीजाय ॥ तातें मोकों ईतनेरोज रहेनोपर्यो ॥ सो यहं चित्र अकवरकेहाथमें दीए ॥ तव अकवरकों वा चित्रकोमहान् अलौकिक-दर्शनभयो ॥ तव अकवर दर्शनकरतेंही स्वरुपाशक्ति वहूतही हेगयो ॥ ओर चीतेरासों प्रसन्नहोयकें कह्यो, जो तूँ कछू ईनाममाँगि ॥ तवईननें कही ॥ जो हज-

१. आ चित्रनी वार्ता माटे वांचो "८४ वैष्णवनी वार्ता" "श्री सूरदासजीनुं जीवन चरित्र" ए ग्रंथो

रत या चित्रसिवाय ओरजीवका चित्र न ऊतारुं ॥ यह आपसों माँगताहूं ॥ सो अकव्वर जानिगयो जो ईनपर आपकोकृपाभई हे॥फेरि अकवरनें अपने पहेरवेके कडे जडावके वक्षीसमेंदीए ॥ ओर हूकमदीया जो गोकुलके कन्हैयाकी लीलाकी तसवीर लीखाकर ॥ ओर कछू मतिलीखीयो ॥सो वाकेहाथकें श्रीनाथजी, श्रीनवनीतप्रियाजी, श्रीगुसाँईजी, इनके सातलाल-जीके चित्र अवीकहुं कहुं विद्यमानहें ॥

श्री गुसाँईजीकेसवक ताजवीवीकी वार्ताको भाव

फेरि वह आपकोचित्र अपनेमहलमें स्थापनकी-यो ॥ सो नित्यपहेलें जागे तव आपकेदर्शनकरे॥ फेरि ओरके सामनें झांकतो एसो अकव्वरकेंनेमहतो॥ फेरि वह चित्र ताजनें अपनेमहलमेंपधरायो ॥ सो अकवर ऊहाँ नित्यदर्शनकरिवेकोंजातो ॥ ताजकों वा चित्रमें स्वरुपासक्तिहेगई ॥ और ताजकों अकव्वरनें महलमें

बेठाई, ता दीनसों रायवृन्दावनदासकीवेटी ओर वी-
रवलकीवेटी शोभावती सो ईनको रातदीनसत्संग
..ाजकोरह्यो, फेरिएकदीन ताजनें शोभावतीसोंकह्यो
जो एसाजंत्र आपकेपासतेमँगादो, जो अकवर मेरे
वश होय जाय ॥ सो शोभावतीनें श्रीगुसाँइजीको
वेनतिपत्रपठायो ॥ तामें ताजकोविनती लिखिपठा-
ई ॥ जो एसा जंत्रमुजेलिखिपठावो ॥ सोअकवर मेरे
.शहोयजाय ॥ तव में आपकेचरणकोसेवाकरों ॥ सो
मुख्य मनोरथयहहें ॥ तव आपनें एक दोहा लिखि-
ठायो सो दोहा ॥

कँामन टोंमन टोटिका, ए सव डारो धोय ॥
पिया कहे सो किजिये आपहोते वश होय ॥१॥

या दोहाकों तुम सोनेकीचोकोमें मढायकें अ-
नेगरेमेंराखियो ॥ तरो सव मनोरथ पूरनहोयगो ॥
ा दीनसों वानें अपनेगरेमें जडायकें राख्यो ॥ ता
ेनसों आपकीकृपासों अकवर वाको गुलाम

आवतो ॥ फेरि ओर सोतिनकों दुःख भयो, तिननें अकवरसों चुगली खाई ॥ जो हजरतसाहव हम एसा सूनेहें ॥ जो ताजनें आपकेऊपर कॉमनकीयाहे ॥ सो ताजके गरेमेंहे ॥ कवी आपकेंदीलकों वहजंत्र नकलीम करेगा ॥ जो वेर वेर आप वाकेपास जातेहो ॥ सो विचार नहींकरतेहो ॥ याके गरेकाजंत्र देखाचाहिए ॥ नहींतो फेरि आपकों वडादुःख होयगा॥वाही समय अकवर ताजकेपासगयो ॥ जायकें वा जंत्रको हेवालपूछयो, ताजनेंकह्यो मेरे गरमें जंत्रहे अकवरनें कह्यो मोकों खोलिकेंदिखायदे॥ तव ताजने वहूत नाँहि करी, तव अकवर हठ चढिगयो, वानें मॉनीनाँहि॥ फेरि वानें वाहीसमय तोरिकें वा जंत्रकों वँचायो॥ तामें यहनिकस्यो ॥ दोहा ॥ कॉमन टोंमन टोटिका, ए सव डारो धोय ॥ पिया कहे सो किजिये, आपही तें वश होय॥१॥ सो अकवर वांचिकेवहूत प्रसन्नभयो, ताजकों धन्यधन्य कहेतोभयो, ओर कही जो एसा-

जंत्र कहाँसेमँगाया ॥ तव कही जो यहजंत्र श्रीदी-
क्षीतजोने भेजाहे ॥ अकवरसुनिकें आपकी वहूतस्तुति
करि वेलाग्यो, जो मुजे आप एसाचाहतेहैं ॥ जेसा
मुजे मेरा साहव चाहताहैं ॥ तिसें अधिकामुजे श्री-
दीक्षीतजी चाहतेहैं ॥ ता दीनतें ओर हूं आपकेचर-
णारविंदमें विश्वासहोतोभयो ॥ तासों ताजसोंकही
॥ जो मैं तुमसों वहुतखुशहों ॥ जो तूं या समय मुज-
पैंमाँगे सो देऊं ॥ तव ताजनें यह माँग्यो॥ जो आप
मोपें खुश हो तो यहदीजें ॥ जो श्री दीक्षीतजीकी
द्रा ओर मंत्र लेउं ॥ तव अकवरनें कह्यो ॥ जो मैं
वहुतखुशहों, तूँ श्रीदीक्षीतजीको द्रा मंत्र ले ॥ जो
अपने दीनवाला मुजे कोई कछूकहिसकेगा नाँहि ॥
यहसुनिकें ताजनें मनमेंजानी ॥ जो प्रभुननें मेरो म-
नोरथ पूरनकीयो ॥ फेरि अकवरतो अपनी खासकच-
हरीमें गयो॥ओर ताजनें वीरवलकी वेटीकीमारफत
वीनती पत्रपठायो ॥ तामें लिख्यो जो आपपधारिकें

मुजेशरण लीजें॥ मेनें अकबरसों हूकम माँगिलियाहे आप या वातमें शंका संदेह करेंनाँहि ओर शोभाव-तीने जो व्यवस्थाभई हती, सो सब लिखिपठाई॥सो पत्र वाँचि कछूकदीनमें आप पधारें॥सो श्रीयमुनाजीके तीरपें वीरवलको बाग हतो तामें आपनें जायकें डेरा-कीए ॥ सो ताहीकी बरोबर ताजकोबागहतो ॥ सो यहखबर अकबरकों भई ॥ तब अकबरने पंडितन कों बुलायकेंपुछो ॥ जो अपनेगुरु-पीरकेपास कहारीतिसों जानों?॥तब पंडितननेकही ॥ जो देवका जहाँ मंदी-रहोय, वा ठीकाने पहेले पोरिसों साष्टांगदंडवत्करि देवकेदर्शनकरने ॥ ओर गुरु अपने स्थापनपेंपधारे॥सो पहेले अपनेमहेलके दरवाजेसों साष्टांगदंडवत् करिकें अपनेनिजस्थानमेंपधरावने ॥ ओर अपने सामर्थ अनु-सार भेटधरनी ॥ तब अकबरने वाहीरीतिसोंपधराये॥ सो काहू म्लेच्छ काजीकोचलो नाँहि॥ फेरि दुसरे-दीन ताजको हुकमदीयो ॥ जो श्रीदीक्षीतजीपधारे-

हें ॥ तेरो मनोरथहोय, तो तूं शरण जा ॥ यहहुकम-
लेकें डोलामें बेठिकें अपनेबागमें आई ॥ फेरि बीर-
बलकेबागमें भीतरकेरस्ताहोयके आपके चरणारविंद
पासआई ॥ तब जायकें साष्टांगदंडवत्‌करिकें दर्शन-
कीए ॥ वा समय ताजकोस्नेह कछू लिखिवेमें आवे
नॉहि ॥ याके शरीरमें अन्य संबंध अन्याश्रयकोगंध-
बीनॉहि ॥ एसो सत्पात्रदेखिके आपने शरणलीनी ॥
ओर आपनें वाको दासीभाव दान कर्यो ॥ फेरि तन
मन धन आपकी भेटअरपणकर्यो ॥ ओर बीनतीक-
री ॥ जो राज अब मैं कहारीतिसो निर्वाह करुं ॥
तब आपनें आज्ञाकरी ॥ जो श्रीमहाप्रभुजीको चित्र
तो बिराजेहें ॥ ताको दर्शन करियो ॥ ओर शोभावती
ओर रायब्रंदावनदासकीबेटीको सत्संगकरियो ॥ ईत-
नी आज्ञा ताज अपनेंमाँथेपें धारिकें अपनेमहलमेंगई
॥ सो ताजनें अपने दोयमहल न्यारेकरे ॥ एक मह-
लतो श्रीमहाप्रभुजीकेचित्रकों ओर सेवासत्संगको ॥

ओर दूसरेमहलमें अकवरआवे ॥ ओर श्रीनाथजी ता-
जकेसंग सतरंजखेलें ॥ फेरि निजमंदिरमेंपधारे ॥ ता-
दिनसों श्रीगुसाँईजी श्रीनाथजीसोंपूछे, जो एसे नेत्र
आरक्त आलस्यभरेहें ॥ सो रात्र कहाँरहे ॥ तव आ-
ज्ञाकरी ॥ जो आज रात्रकों ताजकेसंग सतरंजखेलें,
तहाँरहे ॥ तासों नेत्र आरक्तहें ॥ता दिनसों श्रीना-
थजीके राजभोगमें सतरंज विछिवेलागी ॥ एसें श्री
नाथजी ताजऊपर कृपाकरते तव ताजनें श्रीनाथजी-
सों विनतीकीनी ॥ जो मेरे महलमें नित्यविराजो ॥
तव श्रीनाथजीनें आज्ञाकरी ॥ जो श्रीमहाप्रभुजीको
चित्र विराजेहें ॥ सो मेरोही स्वरुपहे ॥ सो चित्र श्री
महाप्रभुजीको ताजकेमाँथे विराजेहे ॥ तापीछें जहाँ-
गीरशाह तथा शाहजहाँननें नेमपूर्वक दर्शनकरे ॥पाछें
केतेकदीन ॥ पीछें कृष्णगढके राजानें शाहजहांनको
लडाईमें सहायता करी याके ईनाममें वह चित्र कृष्ण-
गढकेराजाको मिल्यो सो आप पधरायलेगए॥सो कृष्ण
गढके राजाकेमहलमें अजहुं आपकोस्वरुप विराजेहे ॥

कृष्ण लीयो अवतार ॥ २ ॥ एक वडाई आपकी, कहे तव आवे लाज ॥ यह सुनिकें अकवर कह्यो, धन्य धन्य सव राज ॥ ३ ॥ धन्य भाग्य मम या समें, पंडित करो विचार॥श्री वल्लभ वल्लभ सुवन, नव निधि कृष्ण अवतार ॥ ४॥ यारीतिसों अकवर अपनेराजकों धन्यमानतोभयो ॥ ताजकी वहूतकाँनि राखतो ॥ओर आगरेमें गोकुलपुरा ताजनेंवसायो ॥ तामें सव भगवदीयरहिवेलागे ॥ ओर कलूकदीन ताजनें [1]श्रीललित त्रिभंगीरायजीकी सेवाकीनी सो अपने महलमें पधराए ॥ सो शोभावती ओर रायवृन्दावनदासकी वेटी परचारगीमें रहेती ॥ तापाछें श्रीललितत्रिभंगीरायजी

---

१. आ श्रीललितत्रिभंगीरायजी-श्रीचंद्रमाजी श्री मवाइमां श्री गिरिधरलालजी सुरतवाळा महाराजने माथे विराजे छे. हुं आ (हाल श्री गोकुलमां विराजे छे) घरसे उदेपुर गयो हतो त्यां श्रीवृन्दावनचंदजी ठाकोर विराजे छे, त्यांना वैष्णवो कहे छे के आ स्वरुप ताजवीवीना श्रीठाकोरजी छे अने उदेपुर नरेश महाराणा श्री फतेसिंहजीने माथे विराजे छे. आ स्वरुपनी प्राचीन वार्ता तथा उदेपुरनां वीजां मंदिरोनु वर्णन माटे जुओ " तीर्थयात्रानो हेवाल " ५ पुस्तकमां प्रकरण २० मां पुरी एकीकत आपी छे.

दंडोत धारमेंविराजे ॥ फेरि श्रीगुसाँईजीके घरपधारे ॥ एक समय फागुनकोमहिनाआयो ॥ सो ताजकों बहूतही विरहउलट्यो ॥ खानपानकीसुधिरही नाँहि ॥ फेरि आपकीकृपातें ताजकों ऊहाँई सकललीलासमेत श्रीठाकुरजीके होरीखेलके दर्शनभए ता समय ताजनें धमारिगाई (राग नट॥बहुरि डफ वाजन लागे हेलो तुम सुनीयो सकल सहेली ॥ ओर छेली तुकमें यह गाई ॥ निर्तत आवत ताजकेप्रभु गावत होरी गीत॥ फेरि लीला विस्मरण भई, तब याकों अत्यंत विरह-ऊठ्यो ॥ तासमय रायवृन्दावनदासकी वेटी ओर शोभावतीपासहती ॥ तासमय ताजनें महाविरहमें चारिदोहाकहें (दोहा॥प्रीतम वसत पहाडपें, हम यमुनाके तीर ॥ अवको मिलनों कठिनहें, पाँवन परी जंजीर ॥ १ ॥ अगर आगरो मो रह्यो गिरि पर वसे मो नाथ, तोरि जंजीर जोमसों, ओर में प्रीतम के पास ॥ २ ॥ ईतनीकही धरनी गिरि, जिन सखी उर

लाय ॥ प्राण प्रियाके प्रेमसों, सींची धीर धराय। ३॥
निसा अंत महा विरहमें, दरशन दीयो व्रजराय ॥ अ-
कवर शाह मथुराचले संगलीये तियताज॥४॥फेरि तीन
दीनताँई अकवरशाह ताजकी खवरलेंनकोआए॥ सो

पर मुकुटकाछनिकोशृंगाररहतो ॥ ओर वाही ताजको धमारकों कुंभनदासजी तथा गोविंदस्वामी आदि भगवदीय गायरहेहते ॥ एसो सुख समयको ताजकों दर्शनभयो ॥ सो वा समय श्रीनाथजीनें ताजके सन्मुख कटाक्षचलाए ॥ सो मिलिवेकों दोरि, सो मणिकोठाकी देहरीनपें चढिगई ॥ सो रायवृन्दावनदासको वेटी तथा शोभावतीनें थाँभिलीनो ॥ सो ईनके प्राण अलौकिक देहधारिकें वा लीलामें प्राप्तिभए॥ ओर लौकिकदेहकों वे दोऊ जनी नीचेंलेआई ॥ सो दंडोतीसिलाकेपास गोदमेंसों ऊतारिकें वेठारी॥ सोवा समय शरीरमें कछू श्वासको अंसनाहि रह्यो ॥ जो खालि थिरदेह रहीगई ॥ फेरि ईनदोऊननें वहूत चेतनाकराई ॥ सो तव जीव होयतो चेतनाहोई, तव जानी जो अव जीव नाँहिहे ॥ तव सवननें यह जानी जो अकवर शाहसों ताजकी एसी मोहोवत्त हती ॥ सो वह सुनेगो तो कहाजानें कहाकहेगो ॥ तववाहो

समय अकबरकों खबरिभई ॥ जो ताज देवकेदर्शनको गई, सो दर्शन करती करती विकलहोय गई ॥ सो नीचें ले आए हे सो वाको जीव तो वा देवके कदमोमें जाय पोहोंच्यो हे॥ तव यह सुनीकें अकबरने कह्यो ॥ "जो जहांकीवस्तुहती सो तहाँ पोहोंची" ॥ याही वास्ते ताज मुजे यहॉ लिवायकें ले आई ॥ सो अव मेनें वहूत सुखसें ताजका मरना जान्या ॥ सो एसें कहिकें अकवरनें ऊहाँसो कूचकीयो ॥ तब सवनको चेनभयो ॥ सो ताजको जन्म एक नाम मात्र म्लेच्छकोहें ॥ सो शरणेआई ता दिनसों अपने महलमें श्रीठाकुरजीकी सेवा करिवेलागी ॥ अंतमें श्रीनाथजीके चरणारविंदमें पोहोंची सो एसी ताज आपकी महान्कृपापात्र भगवदीयहती ॥ सो याके चरित्र अनंतहें सो कहाँताँई लिखियें ॥

इतिश्री गुसांइजीको सेवक ताजवीवीकी वार्ता संपूर्ण॥

आ परम भाग्यवान ताज पंजाबी हिन्दु स्त्री हतां. महान् अकबर नरेशे तेने लावी पोतानी अर्धांगना करीने राख्यां. ताज पोतानी साहेलीओना सत्संगथी श्रीगुसांइजीने विज्ञप्ती करावी सेवक थई. अकबरशाह पण श्रीगुसांइजी परत्वे अत्यन्त प्रीति धरावतो. पोताना महेलमां श्रीकृष्णभगवान, श्रीमद् वल्लभाचार्यजी, श्रीगुसांइजी आदिनां चित्रो राखतो तेणे पण ताजनी इच्छाने आधीन थई श्री गुसांइजीना सेवक थवा आज्ञा आपी जेथी ताजने सर्वत्र सुख--शान्ती थई, सेवक थइ, श्री ललितत्रिभंगीरायजी—श्री चंद्रमाजी—श्रीस्वामिनीजी सहित युगल स्वरुपनी सेवा पधरावी. (आ स्वरुप अत्यारे श्री मुंबाइमां सुरतवाळा श्रीमद् गोस्वामी श्री गिरिधरलालजी महाराजने माथे भुलेश्वरमां विराजे छे. हालमां आ स्वरुपो श्री गोकुलमां विराजे छे.) प्रभु परायणजीवन गाळवा मांड्युं. जे नीचेनां कीर्तनो उपरथी जणाशे.

सुनो दिलजानी मेरे दिलकी कहानी तुम, इस्म की विकानी वदनामी भी सहूँगी मैं, देवपूजा ठानी मैं निवाज हू भुलानी, तजे कलमा कुरान सारे गुनन गहूंगी मैं, श्यामला सलोंना सिरनताज सिर कुल्हे-दार, तेरे नेह दागमें निदाघ ह्वै दहूंगी मैं, नन्द के कुमार कुरवान ताणी सूरत पैं, ताँण ज्वाल प्यारे हिन्दुवानी ह्वै रहूंगी मैं.

छेला है छली है महावली महीपति है, जाको नाम लेत होत सफल जन्मारो है, चित्र है विचित्र है अनीत्र है न चित्र एसो, देखके व्रजांगनान अत्र तू तुम्हारो है, वाँको हैं त्रिभंगी है स्वयंभू है सना-तन है सव जीवजंत पशु पंछीको संम्हारो है, चोर है लवार है सुलंपट चटोकरी है, टेडी टांगवारो इष्ट दैवत हमारो है.

छेल जो छवीला सव रंगमें रंगीला, वडा चित्त का अडीला सव देवतासें न्यारा है, माल गले सोहे

नाक मोती श्वेत सोहे कान, कुंडल मन मोहे लाल मुकुट सीस धारा है; दुष्ट जन मारे संतजन रखवारे, ताज चित्त हितवारे प्रीत करन वारा है; नंदजूका प्यारा जिन कंसको पछारा, वह वृन्दावनवारा कृष्ण साहिब हमारा है ॥

वळी ताजने श्री ठाकोरजीनी होरी लीलानो साक्षात् अनुभव थयो तेज वखते पोते एक धमार गाई छे ते नीचे मुजब.

॥ राग नट ॥

वहोरी डफ वाजन लागे हेली। खेलत मोहन सांवरो हो, किहि मिस देखन जाय। सास नणद वैरिण भई, अब कीजे कौन उपाय ॥१॥ ओजत गागर डारिये, जमुना जलके काज। यह मिस बाहर निकस के, हम जाय मिले तजि लाज ॥२॥ आओ बछरा मेलिये बनको देहि विडार। वे देहे हमही पठे हम रहेंगी घरी द्वै चार ॥३॥ हाहारी हो जात हो मं

नाहिन परत रह्यो । तू तो सोचतही रही तें मान्यो न मेरो कह्यो ॥४॥ राग रंग गागड मच्यो नंदराय दरवार । गाय खेल हँस हँस लीजोये फाग वडो त्यो-हार ॥५॥ तिनमें मोहन अति बने नाचत सबे गुवाल। वाजे वहुविधँ वाजही, रुंज मुरज डफ ताल ॥ ६ ॥ मुरली मुकुट विराजही कटिपट वांधे पीत ॥

आटलुं गातांज ताजे प्रभुनी दिव्य अने रसात्मक-होरीलीला नित्यलीलामां प्रवेश कर्यो तेथी अधुरुं रहेलुं कीर्तन श्रीठाकोरजीए पूर्ण कर्युं.

नृत्यत आवत ताजके प्रभु गावत होरी गीत॥७॥

ताजे प्रभुलीलामां प्रवेश कर्यो तेथी तेना लौकिक पंच महाभूत प्रणित देहने तेमनी सखीओए श्रीगिरिराज उपरथी नीचे लावी अग्नी संस्कार कर्यो. वादशाह पोताने घेर आग्रा गयो. आ ताजनुं समाधि स्थान श्रीसुरभोकुंड उपर होवानुं मनाय छे.

[जुओ, " वैष्णवधर्मपताका " मासिक वर्ष २. अंक. १.]

श्रीकृष्णाय नमः ॥ श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्योनमः ॥

॥ दीनता आश्रयके पद ॥

॥ मंगलाचरण ॥

नाश्रितोवल्लभाधीशो न च दृष्टा सुबोधिनी ।
नाराधिराधिकानाथो वृथा तज्जन्म भूतले ॥ १ ॥

माहात्म्यके पद

राग विलावल शरन प्रतिपाल गोपाल रति वर्धिनी ॥ देत पति पद प्रिय कंत सन्मुख करत अतुल करुणा मई नाथ अंग अर्धनी॥दीनजन जान रस-

पुंज कुंजेश्वरी रमत रस रास पियसंग निश शर्दनी॥ भक्तिदायक सकल भवसिंधु तारिणी करत विध्वंस जन अखिल अघ मर्दनी ॥ रहत नंदसूनु तट निकट निशदिन सदा गोप गोपी रमत मध्य रस कंदनी ॥ कृष्ण तन वरण गुण धर्म श्रीकृष्णके कृष्ण लीला भई कृष्ण सुखकंदनी ॥ पद्मजा पाय तुव संगही मुर-रिपु सकल सामर्थ्य भई पापकी खंडनी ॥ कृपारस पूर वेकुंठ पदकी सिढी जगत विख्यात शिव शेप सिर मंडनी ॥ पयों पदकमलतर और सव छांडके देख दृग करदया हास्य मुखमंदनी ॥उभय करजोर कृष्णदास विनती करे करो अव कृपा कलिंद गिरि नंदिनी॥१॥

कमल नयन कमलापति त्रिभुवनके नाथ ॥ एक प्रेमते सव जो मन होवे हाथ॥सकल लोककी संपदा जो आगे धरिये ॥ भक्ति विना माने नहि जो कोटिक करिये ॥ दास कहावन कठिन हे जोलों चि-त्तमेंराग ॥ परमानंद प्रभु सांवरो पेयतवडभाग ॥२॥

राग मालकोस — वंदु चरणसरोज तिहारे॥ श्याम श्रीअंग कमलदललोचन ललित त्रिभंगी प्राणपति प्यारे॥ जे पद पद्म सदाशिवको धन सिंधुसुता उरतें नहिं टारे॥ जे पद पद्म परसि जलपावन सुरसरी दरस कटत अघ भारे॥ जे पद पद्म परसि ऋषिपत्नि नृग और व्याध पतित वहु तारे॥ जे पद पद्म तात रिपु त्रासत मन कर्म वच प्रल्हाद सम्हारे जे पद पद्मरमित वृन्दावन अगनित प्रवल मल्ल वहुमारे॥ ॥ जे पद पद्म रसिक व्रज युवति सुतपति तन मन धाम विसारे॥ जेपद पद्म भ्रमति पांडव दल सारथि व्हे सव काज सुधारे॥ सूरदास तेई पद पंकज त्रिविध तापके हरन हमारे॥३॥

राग सोरठ — जापर कमलाकंत ढरें॥ लकरी घासको वेचनहारो तासिर छत्रधरे॥ विद्यानाथ अविद्या समरथ जोकछु चाहे सोई करें॥ रीते भरे भरे पुन ढोरें जो चाहे तो फेर भरे॥ सिद्ध पुरुप अविनाशी समरथ काहूते न डरे॥ परमानंद दास यह संपति मनतें कवु न

श्रीवल्लभ चाहे सोई करे ॥ जो उनके पद दृढ- करी पकरे महारस सिंधु भरे ॥ वेद पुराण सुघडता सुंदर ए वातन न सरे ॥ श्रीवल्लभके पदरज भजके भवसागरते तरे ॥ नाथके नाथ अनाथके बंधु अवगुण चित्त ना धरे ॥ पद्मनाभकुं अपनो जानिके डूवत कर पकरे ॥५॥ साचा स्नेही नंदकुमार ॥ ओर नहीं कोई दुःखको वेली सबमतलबके यार ॥ मनुष्य जा- तिको नांही भरोंसो छिनु विहार छिनुपार ॥ चीत्त वचनको नहीं ठिकानो क्षण क्षण प्रथक् विचार ॥ मात पिता भगनी सुत दारा रतिन निभत एकतार॥ सदा एकरस तुमही नीभावो रसीकप्रीतम प्रतिपाल ॥६॥ प्रीतकर कोउ सुख ना लह्यो ॥ अलिसुत प्रीतकरी जलसुतसो संपुट मांज रह्यो ॥ पतंग प्री- तकरी दीपकसुं अपनो अंग दह्यो ॥ सारंग प्रीतकरी नादनसुं सनमुख बाण सह्यो ॥ गोपीन प्रीतकरी गोविंदसुं चलत कछू न कह्यो ॥ सूरदास यह प्रीत

कठिन हे नेनन नीर वह्यो॥७॥ ॥अहो हरि दीनकेजु दयाल ॥ कब देखोगे दिशा हमारो ग्रसीतहुं कलिकाल ॥ कहा सुमरन करुं तिहारो पड्यो अति जंजाल ॥ सकल साधन रहित मोसम ओर नहीं गोपाल ॥ करत अति विपरीत साधन चलत चाल कुचाल॥ काढवेकुं नांही समरथ तुम विना नंदलाल ॥ तुमवीन आरे कोनसुं कहीये एहो हमारे हाल ॥ हसो कहाजु हरो आरत रसिक करो निहाल ॥८॥ अब हरि भूले नांही बने ॥ विपत विदारन तुम हो गिरिधर सुखमें मित्र घने ॥ अब में आधीन कछु नहीं जानत तुमवीन कोन सुने ॥ इतनी विनती सुनो पिय मेरी व्रजपति तुम सरने ॥९॥ हरि तेरी लीलाकी सुधि आवे ॥ कमल नयन मन मोहन मुरति मन मन चित्र बनावे ॥ एकबार जाहि मिलत मया करि सोकेसें विसरावे ॥ मुख मुसिकानि वंक अवलोकनि चाल मनोहर भावे ॥ कबहुक निविड तिमिर आलिंगन

कवहूक पिक सुरगावे ॥ कवहुक संभ्रम कासि कासि कही संगही उठि उठि धावे ॥ कवहुक नेनमुदि अंतरगति मणिमाला पहिरावे ॥ परमानंद प्रभु श्याम ध्यान करि एसे विरह गमावे ॥ १० ॥

राग कान्हरो

उत्तम कुल अवतार कहा जो श्रीवल्लभ राज कुमार न जान्यो ॥ चरचा न कीनी वर वल्लभकी रचि पाखंड कियो वहु वानो ॥ रसिक कथा सुनी नहिं श्रवणन रह्यो विषय रसही लपटानो ॥ शोच मिट्यो नहिं उर अंतरको समझ समझ लाग्यो पछतानो ॥ गिरि गोवर्धन व्रज वृंदा-वन कवहु न नयनन निरखि सिरानो ॥ कृष्णदास प्रभुको गुण महिमा अगम निगम नहिंजात वखान्यो ॥१॥ नाहिन रह्यो मनमें ठोर ॥ नंद नंदन विनु केसे आनिये उर ओर ॥ चलत चितवत द्योस जागत स्वप्न सोवत रात ॥ हृदयते यह मदन मूरति छिनु न इतउत जात ॥ कहत कथा अनेक उधो लोक

लोभ दिखाय ॥ कहा करों चित्त प्रेम पूरण घट न सिंधु समाय ॥ श्याम गात्र सरोज आनन ललित गति मृदुहास॥ सूर एसे दरसको यह मरत लोचन प्यास ॥२॥ यह मांगों यशोदा नंदन ॥ चरण कमल मेरो मन मधुकर या छवि नेंनन पाऊं दर्शन॥ चरण कमलकी सेवा दीजे दोउ तन राजत विद्युलता घन ॥ नंद नंदन वृषभाननंदिनी मेरे सरवस प्राण जीवनधन ॥ व्रजवसिवो यमुनाजल अचवो श्रीवल्लभ को दास यहे पन ॥ महाप्रसाद पाऊं हरिगुण गाऊं परमानंद दास दासीजन॥३॥ जे कोई श्री यमुना नाम संभारे ॥ ताको दरस परस कोउ करही ताही-को वे तारे ॥ भक्तकी महीमा कहां लगी वरनो यम हा हा कही हारे ॥ चत्रभुजप्रभु गिरिधरन लालको नित्यप्रति वदन निहारे ॥४॥ व्रजभूमि मोह-नी में जानो ॥सोहन कान्ह मोहन श्रीवृंदावन मो-हन श्रीयमुना महारानी ॥ मोहन नार गोकुलकी

ठाडी बोलत अमृत बानी ॥ मोहन सूरदासको ठा-
कुर मोहन श्रीराधेरानी ॥५॥ 𝄋 यह छवि मोपें
जात न वरनी ॥ श्री गोवर्धनकी आसपासते खिल
रही सब अरनी ॥मदनमोहन पिय खेलन निकसे संग
राधे मन हरनी ॥ कुंभनदास प्रभु गोवर्धनधर धन्य
धन्य व्रजकी धरनी ॥ ६ ॥ 𝄋 उधो एसो भक्त
मोहि भावे ॥ सबतज आश निरंतर मेरी जन्म कर्म
गुन गावे ॥ कथनी कथत निरंतर मेरी सेवामें चित-
लावे ॥मृदु हास नेन जलधारा करतल ताल वजावे॥
जहां जहां भक्त मेरो चरन धरत हे तहां तिरथ चली
आवे ॥ वे रज ले में अंग लगाउं कोटी ब्रह्मांड सुख
पावे ॥ मेरी मूरत उनके हृदयमें वे मेरेउर आवे ॥
बल बल जाऊं श्रीमुख वाणी सूरदास जस गावे ॥
॥७॥ 𝄋 निज वैष्णवजन मेरो अंग॥ छांड कुटुंब
ओर सकल पदारथ सेवाकरे फिरकरे सतसंग ॥ ध्यान
धरे मेरो गुण गावे नई उपजावे तान तरंग ॥ निश्चय

चित होय दृढकर बेठे कथा सुने मन अतिही उमंग ॥ मम गुण सुन सुख सिधु वढे उर प्रेमनीर वहे मानो गंग ॥ प्रेम पुंजमें मग्न होयके निशदिनही वरसावत रंग॥मीन न छांडे जलकु जेसे उनके मेरे ऐसे प्रसंग ॥ सूरदास मलीन महाजल गंगा मिले होय जातहे गंग ॥८॥ मनकी वात कोनसुं कहिये ॥ हरि सुमरन क्षणभर नहि होही कहो कोनपें जइये॥ मिलते सवे अपने स्वारथके तहांहुं सुख न लहिये॥ दुर्लभ मिलनो परम परमारथ तिनपें दोप मिटाइये करि निरधार देख जिय अपने हरिजनके संग रहिये॥ रसिकदास जिनकरो शंका भक्तजन संग कछु पइये ॥९॥ हम भक्तनके भक्त हमारे॥ सुन अरजुन प्रतिज्ञा मेरी यह व्रत टरत न टारे॥ भक्तन काज लाज हों छांडो पाउं प्यादे धाउं॥ जहां जहां भीर परे भक्तनको तहां तहां जाई छुडाउं॥ जोई जोई वेर करे भक्तनसों सो वैरी निज मेरो॥ देख विचार

भक्तनके तातें रथ हांकतहुं तेरो॥ भक्तनके जीते ही जीतुं भक्तनहारे हारुं ॥ सूरदास जो भक्त विरोधी सो चक्र सुदर्शन मारुं ॥१०॥ श्रीमदाचार्यके चरण नख चिन्हको ध्यान उरमें सदा रहत जिनके॥ कटत सब तिमिर महादुष्ट कलिकालके भक्तिरस गूढ दृढ होत तिनके ॥ जंत्र ओर मंत्र महातंत्र बहुभांतिके असुर ओर सुरनको डर न जिनके॥ रहत निरपेक्ष अ-पेक्ष नहि काहूकी भजन आनंदमें गिने न किनके ॥ छांड इनको सदा ओरको जे भजे ते परे संसार मांझ भ्रिमके ॥ धारमन एक श्रीवल्लभाधीशपद करन मन-कामना होत जिनके ॥ मत्त उनमत्त सो फिरत अ-भिमानसें जन्म खोयो वृथा रातदिनके॥ कहत श्रुति सार निरधार निश्चय करि सर्वदा शरण रघुनाथ जि-नके ॥११॥ हरिजन संग छिनक जो होई॥ कोटि स्वर्ग सुख कोटि मोक्ष सुख तिहि सम लहे न कोई ॥ भूरि भाग्य पुण्य संचित फल कृष्ण कृपा व्हे जाको

॥ सूरदास हरिजन पद महिमा कोकहो शके ताको ॥१२॥ जादिन संत पाहुने आवत॥ तिरथ कोटि स्नान करन फल एसो दर्शन पावत॥ प्रफुल्लित वदन रहत निशदिन प्रति चरण कमल चित्त लावत॥ मन- कर्म वचन ओर नहि जाचत सुमरत ओर सुमरावत॥ मिथ्यावाद उपाधि रहित व्हे विमल विमल जस गा- वत॥ सूरदास प्रीतिकर तिनसों हरिकि सुरत करा- वत ॥१३॥ हरिको भक्त माने डर काके॥ जाके करजोरे ब्रह्मादिक देव सवे दंडोती जाके॥ संघ सखा कर ग्रामवसावे यह विपरीत सुनी नही देखी ॥ हाथी चढे कुकरकी शंका यहथो कोन पुराणन लेखी ॥ सु- गम लोग अरु विगम मूढमति कृपासिंधु समरथ सव लायक ॥ परमानंददासको ठाकुर दीनानाथ अभय- पद दायक ॥१४॥ कोन रसिक हे इन वातनको ॥ नंदनंदन विनु कासो कहिये सुनीरी सखी मेरे दुख या तनको ॥ कहां वे यमुना पुलिन मनोहर कहां वे

चंद शरद रातिनको ॥ कहां वे मंद सुगंध अनिलरस कहांवे षट्पद जल जातिनको ॥ कहां वे सेज पोढिवो वनको फूल बिछोना मृदु पातनको ॥ कहां वे दरस परस परमानंद कमल नयन कोमल गातनको ॥१५॥ माइरीको मिलवे नंदकिशोरे ॥ एकवार को नेन दिखावे मेरे मनके चोरे ॥ जागत जाम गिनत नही खूटत क्यों पाउंगी भोरें ॥ सुनिरी सखी अब कैसें जीजे सुनि तमचर खग रोरे ॥ जो यह प्रीत सत्य अंतर गति जिनि काहू वनिहोरे ॥ परमानंद प्रभु आन मिलेगें सखी शीश जिनि फोरे ॥१६॥ यह मागों गोपीजन वल्लभ ॥ मनुष्य जन्म ओर हरिसेवा व्रज वसवो दीजे मोहि सुलभ ॥ श्रीवल्लभ कुलको हों चेरो वैष्णव जनको दास कहाउं ॥ श्रीयमुना जल नित्य प्रति न्हाउं मनवच कर्म कृष्ण गुणगाउं ॥ श्रीमद् भागवत श्रवण सुनों नित इनतजि चित कहूं अनत न लाउं ॥ परमानंद दासइह मागत नित नि-

रखों कबहू न अघाऊं ॥१७॥ राग केदारो
चकईरी चल चरण सरोवर जहां नहिं प्रेम वियोग॥ जहांभ्रम निशा होत नहिं कबहूं सो सायर सुखयोग॥ सनकसे हंस मीन शिव मुनिजन नख रवि प्रभा प्रकाश॥ प्रफुलित कमल निमिश नहिं शशीडर गुंजत निगम सुवास॥ जिहिंसर सुभग मुक्ति मुक्ताफल विमल सुकृत जल पीजे॥ सोसर छांड क्यों कबुद्धि विहंगम इहां रही कहा कीजे॥ जहां श्रीसहस्र सहित हरि क्रीडत शोभित सूरजदास॥ अव न सुहाय विषय रस छिल्लर वह समुद्रकी आस॥१॥ भृंगीरी भज श्याम कमलपद जहां नहि निशिको त्रास॥ जहां विधुभानु समान प्रभानख सो वारिज सुखरास॥ जहां किंजल्क भक्ति नव लक्षण ज्ञानकर्म रसएक॥ निगम सनक शुक शारद नारद मुनिजन भृंग अनेक॥ शिव विरंचि खंजन मनरंजन छिन छिन करत प्रवेश॥ अखिल लोक तिहिंवास सुकृत जल प्रकटित स्याम दीनेश॥ सुन

मधुकर भ्रमत्यज कुमुदिनिगण राजीव वरको आस॥ सूर प्रेम सिंधुमें प्रफुलित जहांचल करें निवास ॥२॥ ललित व्रजदेश गिरिराज राजे ॥ घोष सीमंतनी संग गिरिवरधरन करत नित्य केली तहां काम लाजे ॥ ललित ॥ त्रिविध पवन संचरे सुखद झरनां झरे ललित सौरभ सरस मधुप गाजे ॥ ललित तरु फूल फल फलित खटऋतु सदा चतुर्भुजदास गिरिधर समाजे ॥ ललित ॥३॥ नमुं श्रीवल्लभाधीश स्वामी ॥ अखंड अवतार जुगधार लीलाकरी आसुरी जीव सब मोह पामी ॥ नमुं० ॥ निगम करजोरके करत स्तुति सदा सनक शुक व्यास नहीं पारपामी ॥ शेष अज रुद्र सुर तेतीस ध्यावत सदा रटत हे मुनि सकल दीवस जामी ॥ नमुं० ॥ देखके दीनपर अतुल करुनाकरी भाग्य निधी प्रगट भये गरुडागामी ॥ नंदगृह प्रकट भुव भक्त आरत हरी तैलंग कुल तिलक शिरछत्र छामी ॥ नमुं० ॥ वेदमथ सकल सिद्धान्त

नवनीतरस दैवीजन दुरकिये हृदय धामी ॥ कपट कली दंड सवग्रंथ खंडन कीये व्यासनंदन वचन पार ग्रामी ॥ कोटी ब्रह्मान्ड तन रोमही रोम प्रति जगत आधार धर धीर धामी ॥ पुष्टिपथ प्रकट कर नाम नौका करी पार संसार जे सरन आमी ॥ कोउ कहे विप्र कोउ विविध पंडित कहे कोउ कहे अंश कोउ आत्मारामी ॥ स्वकीय जन एक निर्धार निश्चेकीये वस्तुतः कृष्णजो वंधे दामी ॥ कोन गुण कही शके अखिल व्रजइशके दीन व्हे चरनतर शीश नामी ॥ शरन वल्लभगही भाग्यको पार नही भजो कृष्णदास प्रभु अंतरजामी ॥ नमुं० ॥४॥ आशरो एक दृढ श्रीवल्लभाधीशको ॥ मानसी रीतको मुख्य सेवा व्यसन लोकवैदिक त्याग शरन गोपीशको ॥ आशरो ॥ दीनताभाव उद्बोध गुणगानसो धोपत्रिय भावना उभयजाने ॥ श्रीकृष्णनाम स्फूरे पलन आज्ञा टरे कृति वचन विश्वास दृढ चित्त आने ॥ आशरो ॥ भगवदी जान स०

अनुसरे । ना देखे दोष अरु सत्य भाखे ॥ पुष्टिपथ-
मर्म दश धर्म यह विधी कहे। सदा चित्तमें द्वारकेश
राखे ॥ आशरो ॥५॥ भूल जिन जाय मन अनत
मेरो ॥ रहो निश दिवस श्रीवल्लभाधीश पद कमलसों
लाग विनामोलको चेरो ॥ भूल॥ अन्यसंबंधतें अधिक
डरपत रहो। सकल साधनहुते कर निवेरो ॥ देह निज
गेह यहलोक परलोक लों भजो सितलचरण छांड उ-
रझेरो ॥ भूल ॥ इतनी मागत महाराज करजोरके।
जेसो हु तेसो कहाउ तेरो॥ रसीकशिरकर धरो। भव
दुःख परहरो ।करो करुणा मोहे राखी नेरो ॥भूल॥६॥
कृष्ण श्रीकृष्ण शरणं मम उचरे॥रेन दिन नि-
त्यप्रति सदा पल छीन घरी। करत विध्वंस जन अखिल
अघ परहरे ॥कृष्ण॥ होत हरिरूप ब्रजभूप भावे सदा
पुष्टि लीला सकल सार उरमें धरे ॥ रहत निश दीवस
आनंद उरमें भयों अगम भवसिंधुको विना साधन-
तरे ॥ कृष्ण ॥ रमा शिव शेष सनकादि शुक सारदा

व्यास नारद रटे पलक मुखनाटरे ॥ नाम गिरिधरन महिमा अतुल जगमगे शरन कृष्णदास कीर्तन निगम नित्य करे ॥ कृष्ण ॥७॥ श्रीकृष्ण श्रीकृष्ण मनमें गती जानीये ॥ देह इंद्रिय प्राण दारागारादि वित्त आत्मा सकल श्रीकृष्णके मानीये ॥ श्रीकृष्ण ॥ कृष्ण मम स्वामी हुं दास मन वचन कर्म कृष्ण करता सकल विश्वके जानोये ॥ कृष्णदासनि नाथ लाल गिरिवरधरन चरन रज वल्लभाधीश शिर सानीये ॥ श्रीकृष्ण ॥८॥ जय श्रीवल्लभ चरन कमल शीर नाइए ॥ परम आनंद साकार शशी शरदमुख मधुर वानी भक्त जनन संग मिल गाइए ॥जय॥ राज तम छांड मध्य सत्वके संग व्हे राखि विश्वास प्रेम पंथको धाइए॥ कहे व्रजाधीश व्रंदाविपिन दंपति ध्यान धर धर हिये दृगन शीराइए ॥ जय ॥९॥ विनंतिके पद

हरि यह कोन रीति ठटी ॥ दास दुखी सुख होत विमुखन वडी लाज घटी ॥ वेद पंथ श्रीभाग-

वतको बांधी मेंड कटी ॥ देख यह विधि सवनको मति भजनतें उचटी ॥ तज कुसंग करु सुसंग जातें विषय जाय कटी ॥ कुमति पावक कुप जलतें आवत हे उ- वटी ॥ करण वारे कहा भूमो जात गति न हटी ॥ फलको चिट्ठी सवनकी कहा एकहिवेर फटी ॥ चरण पर जे रहत तिनकी होत मति उलटी ॥ कहा गीता भागवतमें कही वात नटी ॥ हमारी यह वेर मनसा दानहूते हटी ॥ रसिक कहिकहि जीभ तुमसों छुलत छुलत छटी ॥११॥ नाथ हाहा मोही दरस दीजे ॥ सहज करुणा करो दोप जिन जिय धरो विना सा- धन मोहे दास कीजे ॥ नाथ० ॥ दुःखित तन होत तो दरस देखे विना रेन दिन तपत कहो केसे जीजे ॥ कहो धिरज हिये राखीए कोनविध रहत नहीं चेन तन छेह दीजे ॥ नाथ० ॥ लेत जव स्वास उरमां न समात जवलों निश्चीत दृगभर न पीजे ॥ रूप लावण्य अमृत रसिक पीवत सदा विना पान तन केसे भीजे

॥ नाथ ॥१२॥ सदाराख गोपाल तुव चरण शरणं ॥ ब्रह्मा शंकर उमा शेप नारद रमा सनक शुकशारदा ध्यान धरणं ॥ सदा ॥ गोप गोपांगना मंडली मध्यमें शक्त वृंदावनं वन विहरणं ॥ गोपिका कठिन कुच अग्र ललिता ललित राधीकारवनजुं भवन अनुसरणं ॥ सदा राख ॥ चटक मटक मुकुट निपट लटपटो मणीनी कांति जग तिमर हरणं ॥ तत थेई तत थेई धीधकट धीमिकट कुलट पट उलट मान भरणं ॥ सदा राख ॥ धन्य सोमन धरत चित्त ठरत अमृत झरत करत सुख हरत दुख जन्म मरणं ॥ यह छवि सदा सर्वदा मम मन वसो दास गोपाल भवसिधु तरणं ॥ सदा राख ॥१३॥ राग कल्याण गये पाप ताप दूर, देखत दरस परस चरन ॥ हो तो एक पतित तिहारो पतित पावन बिरद हो तुम जगतके उद्धरन ॥ गये ॥१॥ स्तुति शेप करन सके सकल कला गुण निधान ॥ जानतहो तिहारी सब विधि अनुसरण ॥ छीतस्वामी गिरिवरधर तेसेई श्रीविठ्ठलेश होतो तिहारी

जन्म जन्म शरन ॥गये॥२॥ अमृत रस श्रवयो श्रीवल्लभ मुख माधुरी ताहि पियो श्रीविट्ठलेश अतिहि अघायके ॥ कृपाकरी रंच दियो दैवी जीवनको करहो अनुपान प्रपंचतें वचायके ॥ औपधि न आन ऐसी भवसागर तरवेको कीनीहे अनेक भांत विधि सो व-नायके॥ विष्णुदास निसवासर भजो श्रीवल्लभपद चिंता मतकरो धनो श्रीविट्ठलेशपायके ॥३॥ सदामन श्रीगोकुलमें रहीये॥ गोविंदघाट छोकरकी छैयां वेठक दरसन पैये ॥ सदा ॥ यमुना पुलिन सुभग वृंदावन गिरि गोवर्धन जइए ॥ घेर घेर भक्ति भागवत सेवा तनमन प्राण विकैये ॥ सदा ॥ श्रीविट्ठलनाथ विरा-जत निशदिन चरन कमल चित्त लइए ॥ श्रीवल्लभ पद कमल कृपातें इनके दास कहेये ॥ सदामन ॥४॥ निजदास दास दासनमें मोहे कब करहो ॥ जुगल चरन अरुन कमल मेरे सीर धरहो ॥ निज ॥ सुघटितं मणी पाद स्पर्श कर अलंकृत करहो ॥ भवन

गमन समय जाणी आगे ले धरहो ॥ निज० ॥ अरुन वदन तंबोल रस वीरी मुख देहो ॥ डारत अब शेश पीक अंजुली भर लेहो ॥ निजदास० ॥ सुभग सेज दूध फेन पोढीए यदुनाथ ॥ चरन हुं चांपत रहुं गाउ गुन गाथ ॥ निजदास० ॥ सिंधु सुता जब आय रहे श्रीजगन्नाथ पास ॥ माथ नाई तबही उठी चले माधोदास ॥ निजदास० ॥५॥ राग गोरी गोपी प्रेमकी ध्वजा ॥ जिने गोपाल कियो अपनेवश उरधर श्याम भुजा ॥ शुक मुनि व्यास प्रसंशा कीनी ऊधो संत सराही ॥ धुरि भाग्य गोकुलको वनिता अति पुनीत भवमांही ॥ कहा भयो जो विप्र कुल जन्म्यो जो हरि सेवा नांही ॥ सोई कुलीन दास परमानंद जोहरि सन्मुख धाई ॥१॥ राग टोडी जाके हृदय हरि धर्मनांही ॥ ताके तजे को दोपनहिं वशिये नहि उनमांही ॥ मात पीता गुरुबंधन तजके संग न पानी पीजे ॥ जाके हृदय

ताको कह्यो न कीजे ॥ जन प्रल्हाद पिता पन मेट्यो बलि गुरु कह्यो न कीनो ॥ भरत वचन परहरत मातके राज त्याग तपकीनो ॥ अतिही दुष्ट देख हरि द्रोही तज्यो विभीषण भाई ॥ छत्र चमर दूराय शिशपर कीयो लंकाको राई ॥ वेद मर्याद मेट व्रजवनिता पति तजी हरिपें आई ॥ सुर पूनित भई वे गोपी वासुदेव विमल जश गाई॥१॥ अवमें नाच्यो बहूत गोपाल ॥ काम क्रोधको पहर चोलना कंठ विषयकी माल ॥ अवमें ॥ मायाको शिर फेंटा बांध्यो लोभ तिलक दीयो भाल ॥ दंभ मोहके नुपुर पेहेरे कुसंगत चल्यो चाल ॥ अवमें ॥ भ्रम मोह मन भयो पखावज नाना विधकी ताल॥ तृष्णा नाद करे घट भीतर निंदा शब्द रसाल ॥ अवमें॥ लख चोरासी भेख बनाये शुकर श्वान शियाल ॥ सूरदासकी सबे अविद्या दूर करो नंदलाल॥ अवमें ॥२॥ राग धन्याश्री

उधो धन्य तुमारो व्यवहार ॥ धन्य वे ठाकुर धन्य वे

सेवक धन्य तुम वर्तनहार ॥आंवकु काट वबुर लगा-
वत चंदनकी कर वार ॥ शाहकुं पकर चोरकु छोडत
चुगलनको इतबार ॥ हमकुं जोग भोग कुबजाकुं एसे
समुझन हार ॥ सूरदास ए केसे निभेगो अंधधुंध सर-
कार ॥१॥ राग सारंग जोपें चोंप मिल-
नको होय ॥ तो क्यों रह्यो परे विनुदेखे लाख करो
जो कोय ॥ जोपें विरह परस्पर व्यापे तो कछू जीय
वने ॥ लोक लाज कुलकी मर्यादा एको चित न गिने
॥ कुंभनदास प्रभु जाहितन लागी ओरन कछू सुहाई
॥ गिरिधरलाल ताहि विनुदेखे छिनु छिनु कल्प विहाई
॥१॥ केते दिन व्हेजु गये विनुं देखे ॥ तरुण
किशोर रसिक नंदनंदन कछूक उठत मुख रेखें ॥ वह
सौभाग्य वह कांति वदनकी कोटिक चंद्र विशेखे ॥
वह चितवनि वह हास्य मनोहर वह नटवर वपु भेखें
॥ श्याम सुंदर मिलि संग खेलनकी आवत जीय अपेखें
॥ कुंभनदास लाल गिरिधर विनु जीवन जन्म अलेखें

॥ २ ॥ राग विहाग मोहीं वलहें दोउ ठोरको ॥ एक वलमोहे हरिभक्तनको दुजो नंदकीशोरको ॥ मनसा वाचा ओर कर्मणा नहीं भरोंसो ओरको ॥ छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविट्ठल श्रीवल्लभकुल शिर मोरको ॥१॥ सुखनिधि श्रीगोकुलको वसवो ॥ छिन छिन वारंवार सखीरी श्रीवल्लभ सुत निरख हूलसवो॥ गृहन गृहन प्रति कुंजन कुंजन पियसंग केलि परस्पर हसवो ॥ एसी कनक कसोटी उपर सुभग प्रेम वलित तन कसवो ॥ यमुनातीर महागजसो मिल भावें अंगो अंग परसवो ॥ दंपति रूप रासि सुखसीमा माधोदास यहे रंग रसवो ॥२॥ ताहोको सिरनाइये जो श्री वल्लभसुत पदरज रतिहोय॥ कीजे कहा आन उंचेपद तिनसो कहा सगाई मोय ॥ जाके मनमें उग्र भरम हे श्रीविट्ठल श्रीगिरिधर दोय ॥ ताको संग विषम विषहूंतें भूले चतुर करो जिनकोय ॥ सारासार विचार मतोकर श्रुतिवच गोधन लियो हे निचोय ॥ तहां

नवनीत प्रकट पुरुषोत्तम सहज हि गोरस लियो हे विलोय ॥ उग्रप्रताप देख अपने चक्ष अस्मसार जेसे भिदे न तोय ॥ कृष्णदास असुर भये सुरतें असुरतें सुरभये चरणन छोय ॥३॥ जीन श्रीवल्लभ रूप न जान्यो ॥ जननी उदर आय कहा कीनो जन्म अकारज मान्यो ॥ सकल वेद विधि सकल धर्म निधी करत ज्यों वेद वखान्यो ॥ कहाभयो जो सकल शास्त्र पढ्यो नाहक फाट्यो पान्यो ॥ अग्निरूप प्रभु सकल शिरोमणी देत अभय पद दान्यो ॥ रसिक प्रीतमके चरण भजत जे सकल पदारथ जान्यो ॥४॥ जबलग यमुना गाय गोवर्धन जबलग गोकुल गाम गुसांई ॥ जब लगी श्रीभागवत कथारस तबलग कलिमें कलियुग नाही ॥ जबलग हैं सेवा रस जगमें नंद नंदनसो प्रीति बढाई ॥ परमानंद तासो हरि क्रीडत श्रीवल्लभ चरणरेणु जिनपाइ ॥५॥ मधुर व्रज देश वस मधुर कीनो ॥ मधुर गोकुल गाम मधुर व-

ल्लभनाम मधुर विठ्ठलभजन दान दीनो ॥ मधुर गिरि-
धर आदि सप्त तनु वेणु नाद सप्त रंध्रन मधुर रूप
लीनो ॥ मधुर फल फलित अति ललित पद्मनाभप्रभु
मधुर अलि गावत सरस रंग भीनो ॥६॥ श्री-
विठ्ठलनाथ वसत जिय जाके ताको रीत प्रीत छवि
न्यारी ॥ प्रफुल्लित वदन कान्ति करुणा मय नयननमें
झलके गिरिधारी ॥ उग्रस्वभाव परम परमारथ स्वारथ
लेश नहीं संसारी ॥ आनंदरूप करत एकछिनमें हरि-
जुको कथा कहत विस्तारी ॥ मनक्रम वचन ताहीको
संग करिये पैयत व्रजयुवतिन सुखकारी ॥ कृष्णदास
प्रभु रसिक मुकुट मणि गुणनिधान श्रीगोवर्धन धारी
॥७॥ जाकेमन वसे श्यामघन माधो ॥ सो
सुंदर सो धनी दक्षसोई सोंई कुलीन सोई साधो ॥
सो पंडित सो गुणपुंज सोई जो गोपाल कहि गावे॥
कोटि प्रकार धन्य सोई नर जो नहिं हरि विसरावे॥
सो नर सूर वेदविद्यारत सो भूपति सोई ज्ञानी ॥

परमानंद धन्य सोई समरथ लाल चरन रति मानी ॥८॥ जाकुं नेक कृष्णको वानो ताके निकट न जाय जन कोऊ कहारंक कहा रानो.॥जाकु॥१॥ माला कंठे तीलक विराजत अरु चंदन लपटानो ॥ शंख चक्र गदा पद्म विराजत सो कहा रहेगो छानो ॥ जाकु ॥२॥ रविसुत कहत पुकार पूकारी सुनके दुत अकुलानो ॥ सूरदास कहत यह हितको समज सोच जियजानो ॥जाकुं॥३॥९ उधो जोजन मोही संभारे ताकुं विसारुं न पलक घरीरे ॥ काटुं कठिन कर्मके संकट राखुं सुख आनंद भरीरे ॥ उधो ॥ जो मोही भजे भजु हुं ताकुं एही प्रतिज्ञा मोहे आयपरीरे ॥ सदा समीप रहुं ताहीके गुपत हतो सो प्रकट क-

मेरो भक्त सही ॥प्रथम॥ शत्रु मित्रको सम करीजाने मनकी तृष्णा गई ॥ सदा वैराग्य रहे उर अंतर काहूसुं हांसी करत नहीं ॥प्रथम॥ विषय वासना रहत न जाके एह विचार रहत महीं ॥ सूरदास हुं वसु हृदेमें आनंद सागर रहत मही॥प्रथम॥११॥ हरिजन संग छिनक जो होही ॥ कोटी स्वर्ग सुख कोटि मुक्ति सुख एसम लहे न कोई ॥ महद भाग्य पून्य संचित फल कृष्ण कृपा व्हे जाके ॥ सूरदास हरिजन पद महिमा कहत भागवत ताके ॥ हरिजन ॥१२॥ प्रभु जनपर प्रसन्न जब होही ॥ तब वैष्णव जन दरसन पावे पाप रहे नहि कोई ॥ प्रभु ॥ हरि लीला उर आवे ताके सकल वासना नासे ॥ सूरदास निश्चे विचार करी हरि स्वरूप जब भासे ॥ प्रभु ॥१३॥ गिरिधर जब अपनो करी जाने ॥ ताकोमन भक्तनकी सेवा भक्त चरन रज सदा लुभाने ॥ गिरिधर ॥ भक्तनमें मति भक्तनसुं गति हरिजन

हरीएक करी माने ॥ कृष्णदास मन वचन कर्मकरि हरिजन संगे हरि उर आने ॥ गिरिधर ॥१४॥

वडोधन हरिजनकुं हरिनाम ॥ विन रखवारे चोर नहिं चोरे सोवत हे सुखधाम ॥ वडो ॥ दिन दिन वढत सवायो दुनो घटत नहिं कछु दाम ॥ सूरदास हरि-सेवा जाके पारसको कहाकाम ॥ वडोधन ॥ १५ ॥

हरि भजनमें कहा चहियतहे नेन श्रवन रसना पद पान ॥ एसी संपत आन मिली हे जो न भजे ताकुं वडी हान ॥ हरि ॥ पूरव पुन्य सुकृतनको फल अति दुर्लभ मानुष अवतार ॥ पाप पून्य जातें जान्यों परतहे उपजत हे ब्रह्मज्ञान ॥हरि॥ गुरु कर्णधार पोत पद अंवुज भवसागर तरवेके हेत ॥ प्रेरक पवन कृपा केशवकी परमानंद चित चेत ॥ हरि ॥१६॥

कलिजुग सव जुगतें अधिकाई ॥ जा जुगमें प्रगटे जग सीतल श्रीवल्लभ सुखदाई ॥ कलिजुग ॥ जो कोउ शरन जाय हें अपनी ताकी करत सहाई ॥ दासश-

रन हरि वागधीशकी चरण रेणु निधि पाई ॥ कलि- जुग ॥१७॥ कलि कीर्तन परमान रे मन कलि कीर्तन परमान ॥ हरिभक्ति संतकी सेवा और धरम नहि आन ॥ रेमन ॥ कहा भयो जो जपतप कीनो कहा भयो दीने दान॥ तीरथ व्रत वहोत कछु कीनो नहिं हरिनाम समान ॥ रेमन ॥ सुंदरश्याम मनोरथ पूरन अधम उद्धारन जान ॥ सूरदास प्रभु रसिक शि- रोमणि संतनके धनवान ॥ रेमन ॥१८॥ कीयो गोपालको सब होय ॥ जोमाने अपनो पुरषारथ अ- तिशे जूठो होय ॥ कीयो ॥ सुख दुःख लाभ अलाभ सहज गत कहांलो मरीये रोय ॥ जो कछु लेख ल- ख्यो नंदनंदन मेट शके नहि कोय ॥ जंत्र मंत्र ओ- खदको वातें ए सब डारो धोय॥ सूरदास प्रभु सुखके सागर चरन कमल चीत प्रोय॥ कीयो ॥१९॥ जे कोई श्रीगोकुल रस चाखे ॥ ताको चित्त अनत न भटके लोभ दिखावे लाखे ॥ जेकोई ॥ पयों रहे

छोंकरकी छैयां निरखत तरुवर साखे ॥ श्रीयमुना जल पानकरत नित्य श्रीवल्लभ मुख भाखे ॥ जेकोई ॥ सात स्वरूप आदिले गिरिधर ध्यान हृदेमें राखे ॥ रसीक प्रितमकी बानक उपर विश्व वारने नाखे ॥ जेकोई ॥२०॥ प्रकट व्हे मारग रीत दिखाई ॥ परमानंद स्वरूप कृपानिधी श्रीवल्लभ सुखदाइ ॥ प्रकट ॥ कर सिंगार गिरिधरनलालको जब कर वेणु ग्रहाई ॥ ले दरपन सनमुख ठाडे व्हे निरख निरख मुसकाई ॥ प्रकट ॥ विविध भांत सामग्री हरिको करी मनुहार लेवाई ॥ जल अचवाय सुगंध सहित मुख वीरी पान खवाई ॥ प्रकट ॥ कर आरती अनोसर पट दे बेठ नेजग्रह आई ॥ भोजन कर विश्राम छीनकले निज मंडलीजु बुलाई ॥प्रकट॥ करत कृपा निज दैवी जीवनपर श्रीमुख वचन सुनाई ॥ वेणुगीत पुनि युगलगीतकी रस बरखा बरखाई ॥ प्रकट ॥ सेवा रीत प्रीत व्रजजनकी जन हित जग प्रकटाई ॥ दास शरण हरि

वागधीशको चरन रेणु निधी पाई ॥ प्रकट ॥ २१ ॥
हमतो श्रीविठ्ठलनाथ उपासी ॥ सदा सेवुं श्री
वल्लभनंदन कहाकरुं जइकाशी ॥हमतो॥ इनकुं छां
ओरकुं धावे सो कहीए असुरासी ॥ छीतस्वामी गि
रिधरन श्रीविठ्ठल लीला निगम प्रकाशी ॥ हमतो ॥
२२॥ जगत गुरु विठ्ठलनाथ गुसांई ॥ ओर गु-
सांई काहेके कहावत उदर भरनके तांई॥ जगतगुरु॥
धर्म आदि चार्यों पुरुपारथ सो इनके करमांही ॥ छीत-
स्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल भक्तनके सुखदाई ॥ जगत
गुरु ॥२३॥ भलो यह हरिभक्तनसुं हेत॥ हरि
भक्तनके निकट वसत हे हरिभक्तनमें चेत (चित्त)॥
भलोयह ॥ हरिभक्तनको महीमा जानत हरिभक्तन
सुख देत ॥ छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल हरिभक्त
नकी सेत॥ भलो यह ॥२४॥ हों वारीइन व
ल्लभीयन पर॥ मेरेतनको करुं वीछोना शीशधरुं इनके
चरनन तर ॥१॥ भावभरी देखुं मेरी अखीयन मंडल

मध्य विराजत गिरिधर ॥ वेतो मेरे प्रान जीवन धन दान दीये हे श्रीवल्लभवर ॥ २ ॥ पुष्टिमार्ग प्रकट करवेकुं प्रकटे श्रीविठ्ठल द्विजवपुधर ॥ दास रसीक वलैया लेले वल्लभीयनकी चरनरज अनुसर ॥३॥ २५ लगे जो श्रीवृंदावनको रंग ॥ देह अभीमान सवे मीट जेहें अरु विषईनको संग ॥ लगे जो ॥ मनको मेल सवे छूट जेहें मनसा होय अपंग ॥ श्रीराधावर सेवत समरत उपजत भाव तरंग ॥ लगे जो ॥ सखी भाव सहेजे होय मनमें पुरुष भाव होय भग ॥ परमानंद स्वामीके उपर वारु कोटी अनंग ॥ लगे जो ॥ २६ जप तप तीरथ नेम धर्मव्रत मेरे तो श्रीवल्लभ प्रभुजीको नाम (टेक) समरो मन सदा सुखकारी दुष्कृत कटे सुधरे सव काम ॥ हृदे वसे यशोदासुत हितकर लीला सहित सकल सुखधाम ॥ रसिकन यह निरधार कीयो हे साधन त्यज भज आठोजाम ॥ जपतप ॥ २७ पोकारे ठाडो ही धर्मराज ॥

फांसी प्रभु धरोजु भंडारे भवन नहीं कछु काज ॥ पोकारे ॥ श्रीविट्ठल वल्लभजूके नंदन दशधा भक्ति प्रकाशी ॥ अधम उद्धार कीयो कलियुगमें कोउ न परे जम फांसी ॥ पोकारे ॥ घर घर भजन भागवतकी सेवा निशदीन हरि गुणगावे ॥ श्रीकृष्णनाम एही वचनकुं श्रीहरि आप सिखावे ॥ जहां जहां दूत जाय हे मेरो तांहां तांहां ते फेर पोछो आवे ॥ प्रवल प्रताप वढ्यो द्विजवरको कहु झांखन नहि पावे ॥ पोकारे ॥ आजुग मांहीं प्रगट होयके जो इनकुं नही जानें ॥ सूरकहे वे नरक निवासी अन्य भजनको आने ॥ पोकारे ॥ २८ सवतें श्रीवल्लभनाम नाम भलो ॥ लीजे लीजे लीजे नांतर कलिजुग करत छलो ॥ सवतें ॥ सदतीरथ एक सघन श्यामघन तीरथ वृथाही चलो ॥ श्री विट्ठल गिरिधरन कृपानिधी रिद्धि सिद्धि प्रवलो ॥ सवतें ॥ २९ ओर कोऊ समझे सो समझे हमकों इतनी समज भली ॥ ठाकुर नंदकिशोर

हमारे ठकुरानी वृषभानललो ॥ श्रीदामा आदि सखा श्यामके श्यामासंग ललितादि अली ॥ व्रजपुरवास शैल वन विहरत कुंजन कुंजन रंगरली ॥ इनके लाड चाहु सुखसेवा भावबेल रस फलन फली ॥ कहि भगवान हित रामराय प्रभु सबनतें इनकी कृपा बली ॥ ३० श्रीविट्ठलके चरण कमलपर सदारहे मनमेरो ॥ सीतल सुभग सदासुखदायक भवसागरको वेरो ॥ रसना रटत रहो निसवासर प्रभुपावन यशतेरो । सगुणदास इतनी मागतहों भृत्य भृत्यको चेरो ॥ ३१ वृंदावन एक पलक जो रहिये ॥ जन्म जन्मके पाप कटत हे कृष्ण कृष्ण मुख कहिये ॥ महाप्रसाद ओर जल यमुनाको तनक तनक भर लइये ॥ सूरदास वैकुंठ मधुपुरी भाग्यबिना कहांतें पैये ॥ ३२ हु सेवुं श्रीगिरिधरन छबीलो श्रीमोहनलाल रंगीलो श्याम ॥ ओर अनेक अवतार धरतहे वासों नही मेरे कछू काम ॥१॥ पिता नंद जाके जननी ज-

सोदा बडो भैया जाको बलराम ॥ जाकी त्रिया वृष-
भाननंदनी श्रीराधाप्यारी वाकोनाम ॥ जाके गिरि-
गोवर्धन मथुरा नगरी व्रज वृंदावन श्रीगोकुल गाम
॥ मानिकचंदको एही कृपाफल नित्यप्रति दरसन
व्रजमें ठाम॥ ३३ भरोंसोश्रीवल्लभजीको भारी
। काहेकुरे मन भटकत डोलत जो चाहे फलकारी ॥
भरोंसो ॥ श्रीविट्ठलगिरिधर सबबालक जगत कीयो हे
उद्धार ॥ पुरुषोत्तम प्रभु नाममंत्र दे । चरन कमल
शिरधारी ॥ भरोंसो ॥ ३४ भरोंसो दृढ इन
चरनन केरो ॥ श्रीवल्लभ नखचंद्र छटा बिन सब जग-
मांझ अंधेरो ॥ भरोंसो ॥ साधन ओर नहिं या कलिमें
जासुं होत निवेरो ॥ सूर कहा कहे द्विविध आंधरो
बिना मोलको चेरो ॥ भरोंसो॥ ३५ मन श्री
वल्लभ वल्लभ रटरे ॥ कलियुग जीवउद्धार कीये हे धर
द्विज रूप सुभटरे ॥ मन श्री ॥ मायावाद कीये प्रभु
खंडन । भक्ति मारग भूआठठरे ॥ पुरुषोत्तम प्रभुकी

छवी निरखत। इनकी चरन रज अटरे ॥ मन श्री ॥ ३६ कलीमें प्रकट भयेजु कल्यान ॥ सकल अमंगल दूर कीये हे। नासत तिमिर उदेभयो भान ॥ भये मनोरथ सव भक्तनके। पायो पद नीरवाण ॥ छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल। वारुं तन मन प्रान ॥ कलीमें ॥ ३७ श्री विठ्ठलनाथ चंद उग्यो जगमें भक्त चांदनो फेल रहीरी ॥ श्रीवल्लभघर प्रगट भयेहे रस वरखत चहुंदीश सहीरी ॥ मायावाद कीये प्रभु खंडन शुकमुनी व्यास परम सुख पाई ॥ छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल नीत्य नीत्य लीला होत नईरी ॥ श्रीविठ्ठलनाथ ॥ ३८ जेजन श्रीगोकुल गुन गावे ॥ श्रीगिरिधर जीय वसत निरंतर मन वांछित फल पावे ॥ जेजन ॥ श्रीवल्लभ पद पद्म महाफल दरस हीयो हुलसावे ॥ व्रजपति व्रजरस रास रसिकके लीलामें चितलावे ॥ जेजन ॥ ३९ श्रीपति दुखित भक्त अपराधे ॥ जो भक्तनको द्रोह-

करत हे सकल सिद्धहीते मोही आराधे ॥ श्रीपति॥ सवसुनो वैकुंठके वासी सत्य कहुं मन पावत खेद ॥ तीनपर कृपा करुं केसीविध पायकु पूजे कंठकु छेद॥ श्रीपति ॥ भक्तसुं वेर भाव मोहीते मेरो नाम निरंतर लेहे ॥ सूरदास भगवंत वदत हे ॥ मोहे भजे पण जमपुर जेहें ॥ श्रीपति ॥ ४० देखरी एक अद्भुत रूप॥ एक अंवुज मध्य देखियत वीस दधीसुत युथ॥ देखरी॥ एक अवली दोउ जलचर उभय अरक अनुप॥ पाच वारिज ढीग शोभत कहो कोन स्वरूप ॥ देखरी ॥ शिशुगतमें भई शोभा देखो चित्त विचार ॥ सूर श्रीगोपालकी छव राखीए उरधार ॥ देखरी ॥ ४१ हरिके जनकी अति ठकुराई ॥ देवराज ऋपिराज महामुनी देखत रहे लजाई ॥ दृढ विश्वास कीयो सिंहासन तापर वेठे भूप ॥ हरि गुण विमल छत्रसीर राजत शोभा परम अनूप॥ निस्पृहा देशको ज करे ताको लोक परम उछाहा ॥ कामक्रोध मद

लोभ मोह त्यां भये चोरते शाहा ॥ वने विवेक वि-
चित्र पोरीया ओसर कोउ न पावे ॥ अरथ कामत्यां
रहत दूर दूर मोक्ष धर्म शिरनावे ॥ अष्टसिद्धि नवनिधी
द्वारे ठाडे कर जोरे उरलीनी ॥ छडीदार वैराग्य वि-
नोदी झटकी बाहर कोनी ॥ हरिपदपंकज प्रेम परम
रुची ताहीसो रंग राते ॥ मंत्री ज्ञान ओसर नहीं पावत
करत वात सकुचाते ॥ माया खल व्यापे नहीं कबहु
जो या रीते जाने ॥ सूरदास यह नरतन पायो गुरु
प्रसाद पेहेचाने ॥ ४२ विराजे श्रीवल्लभ महा-
राज श्रीगोकुल गाम ॥ विराजे श्रीगोपीनाथ श्रीवि-
ट्ठल भक्तजन पूरण काम ॥ श्रीगिरिधर गोविंद श्री-
बालकृष्ण गोकुलनाथ अभिराम ॥ श्रीरघुपति यदु-
पति घनसासल पुरुषोत्तम प्रभु नाम ॥ ४३
व्रजमें श्रीविट्ठलनाथ विराजे ॥ जीनको परम मनोहर
श्रीमुख देखतही अघ भाजे ॥ जीनके पद प्रतापतें
निवहे सेवक जन सब गाजे ॥ छीतस्वामी

श्रीविठ्ठल प्रकटे भक्त हित काजे ॥ ४४ चरण शरण व्रजराज कुंवरके॥ हम विधि अविधि कछू नाहीं समजत रहत भरोंसे श्रीमुरलीधरके ॥ रहत आशरे व्रजमंडलमें भुजा छांह श्रीगिरिवरधरके ॥ प्रभु मुकुंद माधो सुखदाई हाथ विकाने श्रीराधावरके॥ ४५ श्रीवल्लभ वरनुं कहा वडाई ॥ जाके रोम रोम प्रति प्रकटित कोटी गोवर्धनराई ॥ वाके युथभये न्यारे न्यारे वरनत वरन न जाई॥ रामदास कमलासी दासी सो घर छांड वसाई ॥४६ गुरुजी विन एसी कोन करे ॥ माला तिलक मनोहर वानो शीरपर छत्र धरे ॥ भवसागरतें बूडत राखे दीपक जोत जरे ॥ सूरदास एसे गुरु समरथ चाहे सोई करे ॥ ४७ सुखमें गोविंद कोन संभारे ॥ अपनी मोह मायाके कारण चलत पंथनही हारे ॥ एक तनके पोषणके कारण कोटिक जीवको मारे ॥ भूमी पड्यो तव शोचन लाग्यो गद गद कंठ अतीभारे ॥ सूरदास जम-

दृतने घेर्यों निकसत जीव हठ हारे ॥४८ ज-नम सव वातन वीतगयो ॥ दसवरस खेल्यो लरकाई पीछे कामनी मोहरह्यो ॥ त्रीस भयो मायाके पीछे देशविदेश छयो ॥ चालीस वरसमें राज्यजु पाये उपजत लोभ लह्यो ॥ सूकी त्वचा कमर भये टेडे ए सब ठाठभयो ॥ लरिका वहु कह्यो नही माने वुड्डो शठजु भयों ॥ नहीं हरिभजन गुरुकी सेवा नहीं कछु दान दीयो ॥ सूरदास मिथ्या तन वित्यो जमने खेंच लीयो ॥ ४९ एसो भक्त तरे ओर तारे ॥ परम कृपाल परम दीनवंधु शरन ग्रहे वाको दुःख निवारे॥ सवसु मैत्री शत्रु नही कोई वाद विवाद सवनसुं हारे ॥ हरिको नाम जपे निशवासर संशय शोक संताप निवारे ॥ काम क्रोध ममता मद मत्सर माया मानसोह भ्रम टारे॥ निरलोभी निरवैरी निरंतर कृष्ण रूप जब वदन विचारे॥ हरिको नाम सुने अरु गावे कृष्ण भजन करी दुःखहि दुरावे ॥ सूरदास हरिरूप मग्नभये गुन ओगुन कोपर

नव आवे ॥ ५० मोहे श्री वल्लभजीको भरोंसो ॥ अन्य देवको जानुं न मानुं इनको आशरो खरोंसो ॥ कछूक विचार समज मनमेरे वार वार कहुं तोसों ॥ रसिक सुधा सागरको त्यजके क्यों पीवत जल ओ-सो ॥ ५१ गायो न गोपाल मन लायो न रसाल लीला, सुनि न सुवोधिनी न साधु संग पायो है ॥ सेव्यो नहि स्वाद करी घरी आधी घरी हरि कवहुं न कृष्ण नाम रसना रटायो हे ॥ श्रीवल्लभ श्रीविठ्ठलेश प्रभुको शरण जाय दीन होय मति हीन शीश न नमायो हे ॥ रसिक कहे वार वार लाजहु न आवे तोहि मनुष्य जन्म पाय मूढ कहा तु कमायो हे ॥ ५२ अरे मन श्रीवल्लभ गुण गाय ॥ वृथा काल काहेको खोवत वेद पुराण पढाय ॥ श्रीगिरिराजधरण पैवेको नाहिन और उपाय ॥ रसिक सदा अनन्य होयके चित इत उत न डुलाय ॥ ५३ सवदिन होत न एक समान ॥ प्रकटतहे पूर्वकी करणी तज मन शोच अ-

